# PUZZLE TEST

(1). X, Y और Z तीन वस्तुएँ हैं, जिनकी आकृति त्रिभुजाकार, वर्गाकार एवं पंचभुजाकार हैं. ये लाल, हरे और नीले रंग की हैं, तथा ये सोना चाँदी और कांस्य नामक भिन्न सामग्रियों से बनी हैं। X लाल रंग की है, लेकिन वर्गाकार नहीं है। Y चाँदी से बनी है, लेकिन यह हरे रंग की नहीं है। X कांस्य से बनी है और Z का आकार पंचभुजाकार है। Z किस सामग्री से बनी है?

⇒ सोना

| | वस्तु | सामग्री | रंग | आकार |
|---|---|---|---|---|
| वर्गाकार ≠ | X | कांस्य | लाल | त्रिभुजाकार |
| हरा ≠ | Y | चाँदी | नीला | वर्गाकार |
| | Z | सोना | हरा | पंचभुजाकार |

(2). संजय और नीतू को नीला और लाल रंग पसंद है। प्रिया और नीतू को पीला और नीला रंग पसंद है। संजय, मंजू और कपिल को लाल और नीला रंग पसंद है। नीतू और मंजू को हरा और नीला रंग पसंद है। इनमें से कौन-सा रंग सर्वाधिक लोगों को पसंद है?

⇒ नीला

| रंग | व्यक्ति |
|---|---|
| लाल | संजय, नीतू, मंजू, कपिल |
| नीला | संजय, नीतू, प्रिया, मंजू, कपिल |
| पीला | प्रिया, नीतू |
| हरा | नीतू, मंजू |

(3). पुनीत, कौशल, राखी और जगजीत चार मित्र हैं।
पुनीत और कौशल, रग्बी और क्रिकेट खेलते हैं।
कौशल और राखी, रग्बी और बैडमिंटन खेलते हैं।
पुनीत और जगजीत, क्रिकेट और बास्केटबॉल खेलते हैं।
राखी और जगजीत, बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेलते हैं।
नि०लि० में से कौन-सा क्रिकेट, बास्केटबॉल और बैडमिंटन खेलता है?

⇒ जगजीत

| व्यक्ति | खेल |
|---|---|
| पुनीत | क्रिकेट, रग्बी, बास्केटबॉल |
| कौशल | रग्बी, क्रिकेट, बैडमिंटन |
| राखी | रग्बी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल |
| जगजीत | क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन |

(4). चार छात्र अमित, भरत, चंदन और दानिश चार अलग-2 कॉलिजो- BDS, IIMT, DPS और IMS मे चार भिन्न पाठ्यक्रमो - BA, BBM, BSc और BCom मे प्रवेश लेने के लिए गए। IIMT में प्रवेश लेने वाले छात्र ने BSc नही चुना है। चंदन ने IMS मे प्रवेश लिया और BA चुना है। अमित ने BDS मे प्रवेश लिया और BBM चुना है। दानिश ने BSc चुना। किस छात्र ने DPS में प्रवेश लिया?

⇒ दानिश

| व्यक्ति | BDS | MMT | DPS | IMS | BA | BBM | BSc | BCom |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमित | ✓ | | | | | ✓ | | ✓ |
| भरत | | ✓ | | | | | | |
| चंदन | | | | ✓ | ✓ | | | |
| दानिश | | | ✓ | | | | ✓ | |

(5). साहिल और मनीष लूडो और क्रिकेट खेलते हैं। मनीष और शालिनी, क्रिकेट और बैडमिंटन खेलते हैं।
राजा, तरुण और शालिनी, बैडमिंटन और कबड्डी खेलते हैं। शालिनी और साहिल बैडमिंटन और कबड्डी खेलते हैं।
इनमे से कौन बैडमिंटन, क्रिकेट और कबड्डी खेलते हैं, किंतु लूडो नही खेलते हैं?

⇒ शालिनी

| व्यक्ति | लूडो | क्रिकेट | बैडमिंटन | कबड्डी |
|---|---|---|---|---|
| साहिल | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| मनीष | ✓ | ✓ | ✓ | |
| राजा | | | ✓ | ✓ |
| तरुण | | | ✓ | ✓ |
| शालिनी | | ✓ | ✓ | ✓ |

(6). रोहन और कुंदन इतिहास, और संस्कृत मे अच्छे हैं। श्याम और रोहन गणित और इतिहास मे अच्छे हैं। गोपाल और कुंदन विज्ञान और संस्कृत मे अच्छे हैं। श्याम, गोपाल और मोहन गणित और कला मे अच्छे हैं। उपरोक्त जानकारी

के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
इनमें से कौन इतिहास, विज्ञान और संस्कृत में अच्छा है?

⇒ कुंदन

| व्यक्ति | इति० | संस्कृत | गणित | विज्ञान | कला |
|---|---|---|---|---|---|
| रोहन | ✓ | ✓ | ✓ | | |
| कुंदन | ✓ | ✓ | | ✓ | |
| श्याम | ✓ | | ✓ | | ✓ |
| गोपाल | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| मोहन | | | ✓ | | ✓ |

(7). पाँच सबसे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों के परिणामों के आधार पर कक्षाध्यापक यह निष्कर्ष निकालते हैं कि लोकेश और सुमित बीमा और बैंकिंग में अच्छे हैं; अरुण और लोकेश लेखा और बैंकिंग में अच्छे हैं; अरुण, पंकज और सुरेन्द्र अर्थशास्त्र और लेखा में अच्छे हैं; सुरेन्द्र और अरुण भूगोल और लेखा में अच्छे हैं तथा पंकज और सुमित अर्थशास्त्र और बीमा में अच्छे हैं। बीमा, लेखा और अर्थशास्त्र में कौन अच्छा है?

⇒ पंकज

| छात्र | बीमा | बैंकिंग | लेखा | अर्थ० | भूगोल |
|---|---|---|---|---|---|
| लोकेश | ✓ | ✓ | ✓ | | |
| सुमित | ✓ | ✓ | | ✓ | |
| अरुण | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| पंकज | ✓ | | ✓ | ✓ | |
| सुरेन्द्र | | | ✓ | ✓ | ✓ |

(8). सीता और गीता हिंदी और अंग्रेजी बोलती हैं। मोहन और गीता, बंगाली और हिंदी बोलती हैं। सीता, प्रिया और गौरव, अंग्रेजी और मलयालम बोलते हैं। गीता और गौरव उड़िया बोलते हैं।
इनमें से कौन अधिकतम भाषाएँ बोलता/बोलते हैं।

⇒ गीता

| व्यक्ति | हिंदी | अंग्रेजी | बंगाली | मलयालम | उड़िया |
|---|---|---|---|---|---|
| सीता | ✓ | ✓ | | ✓ | |
| गीता | ✓ | ✓ | ✓ | | ✓ |
| प्रिया | | ✓ | | ✓ | |
| मोहन | ✓ | | ✓ | | |
| गौरव | | ✓ | | ✓ | ✓ |